खेल विभाग, बिहार, पटना
पिन कोड-800020

# खेल विभाग

## उपलब्धि प्रतिवेदन : **वर्ष 2025**



# बिहार राज्य खेल विश्वविद्यालय, राजगीर



## प्रशासनिक एवं वैधानिक उपलब्धियाँ

- विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार **(RTI)** प्रणाली दिनांक 02.01.2025 से विधिवत स्थापित कर प्रभावी रूप से संचालित की गई।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग **(UGC)** से दिनांक 09.01.2025 को विश्वविद्यालय को औपचारिक मान्यता प्राप्त हुई।
- शासन परिषद **(GC)**, कार्यकारिणी परिषद **(EC)** एवं शैक्षणिक सलाहकार परिषद **(AAC)** का गठन खेल विभाग द्वारा दिनांक 20.01.2025 को अधिसूचित किया गया।
- अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ **(AIU)**, नई दिल्ली की सदस्यता दिनांक 19.03.2025 को प्राप्त हुई।
- विश्वविद्यालय में आंतरिक शिकायत समिति **(Internal Complaint Committee)** का गठन दिनांक 02.04.2025 को किया गया।
- ओम्बड्सपर्सन की नियुक्ति दिनांक 09.05.2025 को अधिसूचित की गई।
- एंटी रैगिंग समिति, विद्यार्थी शिकायत निवारण समिति (**UGC** मानक अनुसार) तथा समान अवसर प्रकोष्ठ **(Equal Opportunity Cell)** का गठन दिनांक 30.05.2025 को किया गया।
- खेल विभाग, बिहार सरकार द्वारा पी.जी. डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग **(PGDSC)** की समकक्षता दिनांक 10.06.2025 को जारी की गई।

## शैक्षणिक एवं अकादमिक उपलब्धियाँ

- विश्वविद्यालय की प्रथम शैक्षणिक सलाहकार परिषद **(AAC)** की बैठक दिनांक 29.04.2025 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई।
- विश्वविद्यालय की प्रथम कार्यकारिणी परिषद **(EC)** की बैठक दिनांक 02.05.2025 को संपन्न हुई।
- विश्वविद्यालय का विजन एवं मिशन कार्यकारिणी परिषद द्वारा दिनांक 02.05.2025 को अनुमोदित किया गया।
- विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन दिनांक 19 मई से 24 मई 2025 तक सफलतापूर्वक किया गया।
- शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु विश्वविद्यालय का प्रॉस्पेक्टस दिनांक 27.05.2025 को जारी किया गया।
- नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28.07.2025 को किया गया।
- पी.जी. डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग **(PGDSC)** के सेमेस्टर अंत परीक्षा का आयोजन दिनांक 16 से 24 दिसंबर 2024 के बीच सफलतापूर्वक किया गया।

# संस्थागत विकास एवं मानव **संसाधन उपलब्धियाँ**

बिहार सरकार द्वारा दिनांक 25.04.2025 को विश्वविद्यालय में 244 शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों की स्वीकृति प्रदान की गई।

विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण दिनांक 11.04.2025 को किया गया।

विश्वविद्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को दिनांक 11.04.2025 से सक्रिय किया गया।

# राष्ट्रीय स्तर की **गतिविधियाँ**

विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी (National Conclave) का सफल आयोजन दिनांक 20–21 मार्च 2025 को किया गया, जिसमें देशभर के विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों की सहभागिता रही।

### निष्कर्ष

वर्ष 2025 के दौरान बिहार राज्य खेल विश्वविद्यालय, राजगीर ने प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, शैक्षणिक विकास, संस्थागत विस्तार एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह उपलब्धियाँ विश्वविद्यालय को भविष्य में खेल शिक्षा एवं अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में एक सशक्त आधार प्रदान करती हैं।

# बिहार राज्य खेल प्राधिकरण




## खेल भर्ती एवं रोजगार सृजन की दिशा में उपलब्धियाँ

### खेल भर्ती नीति – “मेडल लाओ, नौकरी पाओ”

बिहार सरकार द्वारा लागू की गई **“मेडल लाओ, नौकरी पाओ”** खेल भर्ती नीति राज्य के खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक करियर सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

इस नीति के अंतर्गत पारदर्शी, पोर्टल-आधारित आवेदन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई गई।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में **राज्य का गौरव** बढ़ाने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राजपत्रित एवं अराजपत्रित सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की गई।

वर्ष 2025 में इस योजना के अंतर्गत कुल **88 खिलाड़ियों** की नियुक्ति सफलतापूर्वक की गई।

## मशाल कार्यक्रम

### राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज एवं जमीनी स्तर का सशक्तिकरण

- **‘मशाल’** प्रतिभा पहचान कार्यक्रम एक ऐतिहासिक एवं व्यापक जमीनी पहल है, जिसे पाँच-स्तरीय प्रतियोगिता संरचना—विद्यालय, क्लस्टर, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर—पर संचालित किया गया।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग के विद्यार्थियों को **एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं साइक्लिंग** खेल विधाओं में सम्मिलित किया गया।

# सहभागिता विवरण

## विद्यालय स्तर

सहभागी विद्यालय : 38,228
सहभागी खिलाड़ी : 16,33,525

## क्लस्टर स्तर

सहभागी सीआरसी विद्यालय : 5,839
सहभागी खिलाड़ी : 4,10,674

## प्रखंड स्तर

कुल प्रखंड : 398
सहभागी खिलाड़ी : 1,75,032

## जिला स्तर

कुल जिले : 38
सहभागी खिलाड़ी : 25,617

# आयु वर्गवार सहभागिता

बालक (U-14) : **5,44,633**
बालक (U-16) : **2,13,244**

बालिका (U-14) : **6,28,178**
बालिका (U-16) : **2,47,618**

- **कुल 12,15,624** खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट कर वैज्ञानिक पद्धति से प्रतिभा का आकलन किया गया।


एथलेटिक्स : 6,42,586


कबड्डी : 7,73,073


फुटबॉल : 90,474


साइक्लिंग : 1,12,255


वॉलीबॉल : 15,295

# खेल सम्मान समारोह

### खिलाड़ियों के सम्मान एवं प्रेरणा की पहल

- राज्य के खिलाड़ियों को सम्मानित करने हेतु **"खेल सम्मान समारोह"** का आयोजन एक प्रतिष्ठित पहल के रूप में किया गया।
- **वर्ष 2025** में कुल **820** खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।
- इस अवसर पर खिलाड़ियों को कुल **₹7.5 करोड़ की पुरस्कार राशि** प्रदान की गई।
- यह पहल खिलाड़ियों के **मनोबल को बढ़ाने** एवं भावी पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हेतु प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बनी।

# खेल छात्रवृत्ति नीति

### प्रेरणा – सक्षम – उत्कर्ष

- राज्य सरकार द्वारा त्रि-स्तरीय खेल छात्रवृत्ति नीति लागू की गई, जिसके अंतर्गत खिलाड़ियों को समग्र सहयोग प्रदान किया जा रहा है।
- इस नीति में प्रशिक्षण, पोषण, खेल विज्ञान, उपकरण, शिक्षण शुल्क एवं बीमा जैसी सुविधाएँ सम्मिलित हैं।




# योजना विवरण

### प्रेरणा (Prerna)

- जमीनी स्तर के खिलाड़ी
- वार्षिक सहायता : ₹3 लाख तक

### सक्षम (Saksham)

- विकासात्मक स्तर के खिलाड़ी
- वार्षिक सहायता : ₹5 लाख तक
- लाभार्थी : 126

### उत्कर्ष (Utkarsh)

- एलीट खिलाड़ी
- वार्षिक सहायता : ₹20 लाख तक
- लाभार्थी : 6

## अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

- सेपक टाकरा विश्व कप का आयोजन दिनांक 20–25 मार्च 2025 को पटना, बिहार में सफलतापूर्वक किया गया।
- एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेंस चैंपियनशिप का आयोजन 09–10 अगस्त 2025 को राजगीर, बिहार में किया गया।
- हीरो पुरूष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त से 07 सितंबर 2025 तक राजगीर, बिहार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
- वर्ष 2025 में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, राष्ट्रीय विद्यालय खेल एवं अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन बिहार में किया गया।

## पदक उपलब्धियाँ

### राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- वर्ष 2025 में बिहार के खिलाड़ियों ने 30 से अधिक खेल विधाओं में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित कर राज्य का नाम रोशन किया।
- तीरंदाजी, एथलेटिक्स, साइक्लिंग, कबड्डी, हैंडबॉल, जूडो, ताइक्वांडो, वुशु, योगासन, भारोत्तोलन, पैरा खेल एवं अन्य खेलों में उल्लेखनीय पदक उपलब्धियाँ प्राप्त हुईं।
- राष्ट्रीय विद्यालय खेल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, राष्ट्रीय पैरा चैंपियनशिप एवं राष्ट्रीय सीनियर/जूनियर प्रतियोगिताओं में बिहार के खिलाड़ियों ने सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

**निष्कर्ष**

वर्ष 2025 बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के लिए खेल विकास, प्रतिभा पहचान, अंतर्राष्ट्रीय आयोजन, रोजगार सृजन एवं पदक प्रदर्शन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उपलब्धिपूर्ण रहा। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं प्राधिकरण की प्रभावी कार्यप्रणाली के फलस्वरूप बिहार तेजी से राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक सशक्त एवं उभरते हुए खेल राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है।

# प्रशाखा–01

## (खेल विभाग, बिहार, पटना)



# स्थापना, मानव संसाधन एवं संरचनात्मक विकास

प्रशाखा–1 द्वारा खेल विभाग, बिहार के प्रशासनिक, संस्थागत एवं मानव संसाधन ढाँचे को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इस अवधि में की गई प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नवत् हैं—

## प्रशासनिक अधोसंरचना एवं कार्यालय संचालन

- विकास भवन, पटना एवं नए सचिवालय में माननीय मंत्री, मुख्य सचिव, निदेशक (खेल), उप सचिव, प्रशाखा पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए बैठक कक्ष, बैठने की व्यवस्था तथा कार्यालयीन सुविधाएँ सुनिश्चित की गईं।
- नए सचिवालय में प्रशाखा–1 एवं प्रशाखा–2 के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं।

## पद सृजन एवं कैडर सुदृढ़ीकरण

- खेल विभाग के सचिवालय एवं निदेशालय स्तर पर 98 पदों का सृजन (आदेश दिनांक 21.06.2024)।
- जिला स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में 466 पदों का सृजन (आदेश दिनांक 03.09.2024)।
- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना में 301 पदों का सृजन (आदेश दिनांक 24.07.2024)।
- बिहार राज्य खेल अकादमी, राजगीर में 114 पदों का सृजन।
- बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर हेतु 244 पदों के सृजन की स्वीकृति (आदेश दिनांक 25.04.2025)।

## संस्थागत गठन एवं सुदृढ़ीकरण

- खेल विभाग के अंतर्गत निदेशालय, खेल का गठन (आदेश दिनांक 05.02.2025)।
- निदेशालय, खेल को कार्यों एवं दायित्वों का आवंटन (अधिसूचना दिनांक 03.06.2025)।
- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को वित्तीय अधिकार प्रदान कर संस्थागत सशक्तिकरण।
- बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के संचालन हेतु—
  - कुलपति, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति प्रक्रिया।
  - कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद एवं अन्य वैधानिक निकायों का गठन।

## भर्ती नियमावली एवं अधियाचन प्रेषण

- बिहार खेल लिपिक संवर्ग नियमावली, 2025 के अंतर्गत 53 पदों का अधियाचन बिहार कर्मचारी चयन आयोग को।
- बिहार अधीनस्थ खेल सेवा नियमावली, 2025 के अंतर्गत 379 खेल प्रशिक्षक पदों का अधियाचन।
- बिहार खेल सेवा नियमावली, 2025 के अंतर्गत 33 राजपत्रित पदों का अधियाचन बिहार लोक सेवा आयोग को।
- राज्य खेल अकादमी एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर हेतु 48 खेल प्रशिक्षक पदों तथा 10 लिपिकीय पदों का अधियाचन।

## मानव संसाधन प्रबंधन

- 01 उप सचिव, 04 प्रशाखा पदाधिकारी एवं 09 सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की पदस्थापना।
- अभियंता, प्रोग्रामर, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं वाहन चालकों की प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति।
- पात्र कर्मियों को एसीपी/एमएसीपी लाभ की स्वीकृति।
- उच्च प्रभार, सेवा पुष्टि, सेवा लाभ एवं सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित मामलों का निष्पादन।
- विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन हेतु स्थानांतरण एवं पदस्थापन।

## विधिक एवं न्यायिक प्रकरण

- माननीय न्यायालयों में लंबित मामलों में समय पर प्रतिशपथ-पत्र दायर करना एवं अनुपालन सुनिश्चित करना।
- अनुकंपा नियुक्ति एवं न्यायालय निर्देशित मामलों का निस्तारण।

## वाहन, लॉजिस्टिक्स एवं सहायक सेवाएँ

- माननीय मंत्री, मुख्य सचिव, निदेशक (खेल), महानिदेशक (बिहार राज्य खेल प्राधिकरण) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों हेतु वाहन व्यवस्था।
- वाहन चालकों के मानदेय का मासिक भुगतान।
- खेल भवन-सह-जिम्नेजियम में स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना।

### डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण

- विभागीय अभिलेखों, फाइलों एवं रजिस्टरों के स्कैनिंग एवं डिजिटलीकरण हेतु **DSTINY IT Services Pvt. Ltd.** को कार्यादेश।
- पारदर्शिता एवं दक्षता हेतु डिजिटल अभिलेख प्रबंधन की शुरुआत।

### सीएसआर एवं बाह्य समन्वय

- खेल विभाग का बिहार सीएसआर पोर्टल पर पंजीकरण।
- सीएसआर परियोजनाओं हेतु नोडल पदाधिकारी का नामांकन।

### कर्मचारी कल्याण एवं प्रशासनिक स्वीकृतियाँ

- उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अवकाश, प्रतिनियुक्ति एवं शासकीय यात्रा संबंधी अनुमतियाँ।
- पटना नगर क्षेत्र में पदस्थापित अधिकारियों को परिवहन भत्ता स्वीकृति।




# प्रशाखा–02

## (खेल विभाग, बिहार, पटना)



# बजट एवं लेखा शाखा









- वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विभाग का बजट प्राक्कलन एवं वार्षिक प्रतिवेदन ससमय तैयार कर संबंधित प्राधिकार को समर्पित किया गया।
- विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया गया तथा सभी को वेतन पर्ची उपलब्ध कराई गई।
- माननीय मंत्री, अपर मुख्य सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, खेल विभाग हेतु कुल पाँच नये वाहनों की खरीद की गई।
- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा बिहार खेल विश्वविद्यालय हेतु कुल चार नये वाहनों की खरीद की कार्रवाई की गई।
- विभागीय कार्यालयों में 05 नये बायोमैट्रिक अटेंडेंस मशीनों का अधिष्ठापन किया गया।
- कार्यालयीय कार्यों को सुदृढ़ करने हेतु 10 कम्प्यूटर, 10 प्रिंटर, 10 यूपीएस, दो उच्च क्षमता वाले फोटो कॉपी मशीन एवं 09 ऑयल हीटर की खरीद की गई।
- अधीनस्थ कार्यालयों को वेतन, संविदा सेवा, कार्यालय व्यय, यात्रा व्यय, विद्युत एवं वाहन मद में समय पर आवंटन प्रदान किया गया।
- एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशीप के सफल आयोजन हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को समय पर आवश्यक राशि उपलब्ध कराई गई।
- विभागीय आकस्मिक, विधिक एवं ईंधन व्यय हेतु वित्त विभाग से अनुरोध कर स्थायी अग्रिम की व्यवस्था कराई गई।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में वाहनों के क्रय हेतु बिहार आकस्मिकता निधि से राशि प्राप्त की गई।
- प्रथम एवं तृतीय अनुपूरक अनुदान तथा पुनर्विनियोग के माध्यम से आवश्यक मदों में संसाधन की पूर्ति की गई।





# प्रशाखा–03

## (खेल विभाग, बिहार, पटना)



# सूचना, शिकायत एवं न्यायालयीन कार्य

प्रशाखा–03 की प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं–

### सूचना का अधिकार (RTI)

- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जनवरी 2024 से अब तक कुल 44 (चवालीस) आवेदन प्राप्त हुए।
- प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया गया।

### ई-डैशबोर्ड (E-Dashboard, Bihar, Patna)

- ई-डैशबोर्ड के अंतर्गत जनवरी 2024 से अब तक कुल 271 (दो सौ इकहत्तर) आवेदन खेल विभाग को प्राप्त हुए।
- इनमें से 147 आवेदनों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया।

### सीपीग्राम (CPGRAMS)

- केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (CPGRAMS) के अंतर्गत जनवरी 2025 से अब तक कुल 16 (सोलह) आवेदन प्राप्त हुए।
- सभी प्राप्त आवेदनों का निष्पादन पूर्ण कर दिया गया।

### लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम

- लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जनवरी 2024 से अब तक कुल 86 (छियासी) आवेदन प्राप्त हुए।
- इनमें से 77 आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है।

### सी.डब्ल्यू.जे.सी. (CWJC – Civil Writ Jurisdiction Case)

- माननीय उच्च न्यायालय, पटना में जनवरी 2024 से अब तक कुल 50 (पचास) सी.डब्ल्यू.जे.सी. मामले दर्ज हुए।
- इनमें से 18 मामलों को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा निरस्त किया जा चुका है।

## एम.जे.सी. (MJC – Miscellaneous Judicial Case)

- जनवरी 2024 से अब तक कुल 09 (नौ) एम.जे.सी. अपीलवाद प्राप्त हुए।
- सभी मामलों में आवश्यक प्रतिवेदन/शपथ-पत्र दाखिल किए गए।
- 01 (एक) एम.जे.सी. मामला माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा निरस्त किया गया।

## एल.पी.ए. (LPA – Letter Patent Appeal)

- जनवरी 2024 से अब तक 01 (एक) एल.पी.ए. याचिका खेल विभाग, पटना में प्राप्त हुई।
- बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पत्रांक–2084, दिनांक 18.04.2025 के माध्यम से अवगत कराया गया कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के आलोक में प्रतिवादी को दिनांक 06.03.2025 को वाद की प्रति की तामील करा दी गई है।

## समग्र निष्कर्ष

- प्रशाखा–03 द्वारा सूचना का अधिकार, जन-शिकायत निवारण एवं न्यायिक प्रकरणों के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन के माध्यम से खेल विभाग की प्रशासनिक दक्षता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ किया गया है।








# प्रशाखा–04
# (खेल विभाग, बिहार, पटना)




राज्य में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं ग्रामीण–शहरी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को समुचित सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष **2025–26** के दौरान प्रशाखा–04 द्वारा उल्लेखनीय प्रगति की गई है। इसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों एवं प्रखंडों में स्टेडियमों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

## प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं–

- राज्य के लगभग सभी जिलों को आच्छादित करते हुए कुल **78 प्रखंड** स्तरीय आउटडोर स्टेडियमों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत की गई।
- प्रत्येक स्टेडियम में **200 मीटर** एथलेटिक्स ट्रैक सहित फुटबॉल मैदान के निर्माण का प्रावधान किया गया है, जिससे एथलेटिक्स एवं फुटबॉल दोनों खेलों को बढ़ावा मिलेगा।
- इन परियोजनाओं के लिए **₹200** लाख से **₹1400** लाख से अधिक तक की स्वीकृत राशि प्रदान की गई है, जो खेल अधोसंरचना में राज्य सरकार की सुदृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।
- स्वीकृतियाँ **वर्ष 2025** के दौरान विभिन्न चरणों में निर्गत की गईं, जिनमें आवश्यकतानुसार शुद्धि पत्र भी जारी किए गए।
- इन स्टेडियमों के निर्माण से–
  - ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को गति मिलेगी।
  - स्थानीय युवाओं एवं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता हेतु आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।
  - राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों की पहचान एवं चयन की संभावनाएँ सुदृढ़ होंगी।
- यह पहल **"खेलों के माध्यम से युवा सशक्तिकरण"** की राज्य सरकार की नीति के अनुरूप है तथा बिहार को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रशाखा–05

## (खेल विभाग, बिहार, पटना)



- राज्य सरकार द्वारा दिनांक–**09-01-2024** को राज्य में खेल के विकास हेतु कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से अलग स्वतंत्र रूप से खेल विभाग का गठन किया गया। खेल विभाग द्वारा बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

- राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस **29** अगस्त को पुरस्कार के रूप में राशि प्रदान की जाती है एवं राज्य में "खेल सम्मान समारोह" मनाया जाता है। विगत वर्ष दिनांक–**29** अगस्त **2024** को 644 खिलाड़ी/प्रशिक्षक को **कुल राशि ₹7,48,71,126/-** (सात करोड़ अड़तालीस लाख इकहत्तर हजार एक सौ छब्बीस) रुपये वितरित की गई। साथ ही वर्ष 2025 के लिए खेल सम्मान समारोह किए जाने हेतु **₹9,27,33,239/-** (नौ करोड़ सत्ताईस लाख तैंतीस हजार दो सौ उनतालीस) रुपये मात्र की स्वीकृति प्रदान की गई है।

- राज्य के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान हेतु विश्व की सबसे बड़ी प्रतिभा खोज अभियान **"मशाल–2024"** प्रारंभ किया गया। जिसमें राज्य के प्रत्येक मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के लगभग **60 लाख खिलाड़ियों** के बीच **05 खेल** विधाओं में प्रतियोगिता कर उनका चयन किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के पोषक आहार एवं भविष्य में उन्हें बेहतर खिलाड़ी बनाने हेतु सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु राज्य में महत्वपूर्ण खेल अवसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।मशाल अंतर्गत प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी है। इसके पश्चात जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन संचालित है एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन **सितंबर, 2025** में किया जाएगा।













- वित्तीय **वर्ष 2025–26** में वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम हेतु **₹18,51,45,958/-** (अठारह करोड़ इक्यावन लाख पैंतालीस हजार नौ सौ अट्ठावन) रुपये मात्र की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- दिनांक–**29-08-2024** को राजगीर खेल अकादमी का उद्घाटन किया गया, जहाँ **24** खेल विधाएँ यथा– क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, हॉकी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, ताइक्वांडो, लॉन टेनिस, हैंडबॉल, साइक्लिंग, तैराकी, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, वुशु, तलवारबाज़ी, स्क्वैश, तीरंदाज़ी, निशानेबाज़ी, टेबल टेनिस एवं बिलियर्ड्स का आयोजन एवं प्रशिक्षण हो सकेगा।
- दिनांक–**11 नवंबर** से **20 नवंबर, 2024** तक राजगीर खेल अकादमी परिसर में अंतरराष्ट्रीय एशियन महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय हॉकी महिला टीम विजेता बनी। राज्य में कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कराया गया है–

**(i) सेपक टकरा (पुरुष एवं महिला)** विश्व कप–2025 प्रतियोगिता का सफल आयोजन पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना में किया गया।

**(ii) खेलो इंडिया यूथ गेम्स**–2025 राज्य के 5 जिला– पटना, गया, राजगीर (नालंदा), भागलपुर एवं बेगूसराय में दिनांक–**04-05-2025** से **15-05-2025** तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें बिहार के खिलाड़ियों को 07 स्वर्ण सहित कुल 36 पदक प्राप्त हुए।

- अंडर–20 महिला एवं पुरुष एशियन रग्बी **चैंपियनशिप–2025** का आयोजन दिनांक–09-08-2025 से 10-08-2025 तक राजगीर (नालंदा) में सफलतापूर्वक कराया गया।
- पुरुष एशियन हॉकी **चैंपियनशिप–2025** का आयोजन दिनांक–**29-08-2025** से **07-09-2025** तक राजगीर (नालंदा) में सफलतापूर्वक किया गया।
- राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सभी खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें "दीर्घकालिक एथलीट विकास" के अंतर्गत **24 खेल** विधाओं में 03 स्तरों पर सहायक अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। वित्तीय वर्ष **2024–25** में **₹7.15 करोड़** (सात करोड़ पंद्रह लाख रुपये) की स्वीकृति दी जा चुकी है।

(i) बुनियादी स्तर – **"प्रेरणा" (12–18 वर्ष आयु वर्ग)** 500 खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष अधिकतम **₹3.0 लाख**।

(ii) विकासात्मक स्तर – **"सक्षम" (12–24 वर्ष आयु वर्ग)** 200 खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष अधिकतम **₹5.0 लाख**।

(iii) विशिष्ट स्तर – "**उड़ान" (20 वर्ष से अधिक)** 25 खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष अधिकतम **₹20.0 लाख**।



- मोइनुल हक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर, पटना को भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड **(BCCI)** को सौंपने हेतु समझौता ज्ञापन **(MoU)** किया जा चुका है एवं आगामी समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के आयोजन हेतु कार्यवाही की जा रही है।
- मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभाओं (बालक/बालिका) का चयन कर उन्हें वैज्ञानिक, योजनाबद्ध प्रशिक्षण, पोषक आहार एवं आधुनिक खेल उपकरणों की सुविधा प्रदान की जाती है। वर्तमान में इसका संचालन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में खेलों को विकसित करने हेतु खेल उपकरण, मल्टीजिम एवं ओपन जिम स्थापना योजना संचालित है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 जिलों हेतु **₹3,66,29,935/-** एवं वित्तीय वर्ष **2025–26** में **23** जिलों हेतु **₹6,26,94,860/-** की स्वीकृति दी गई है।
- राज्य के युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि के आधार पर खिलाड़ी कल्याण कोष योजना के अंतर्गत खेल किट, चिकित्सा एवं NIS कोर्स हेतु सहायता प्रदान की जाती है।
- राज्य/राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं सहभागिता हेतु खेल संघों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।






- बेगूसराय जिला में द्वितीय मलयुद्ध **प्रतियोगिता–2024** के आयोजन हेतु **₹41,05,000/-** की स्वीकृति दी गई।
- राज्य में वार्षिक खेल कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय खेलों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।
- भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना **"खेलो इंडिया"** अंतर्गत बिहार से कुल **320** प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें **₹944.85 करोड़** की **116 खेल** अवसंरचनाओं हेतु स्वीकृति प्रक्रिया में है।
- बी.पी. सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षा संस्थान एवं स्वास्थ्य महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना के पुनर्निर्माण हेतु **₹11083.55 लाख** की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित है।
- विभागीय संकल्प संख्या–**3293**, दिनांक–**29-07-2025** द्वारा राजगीर खेल अकादमी सह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अंतर्गत कार्यों हेतु **₹11,21,41,20,515/-** की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- विभागीय संकल्प संख्या–**3807**, दिनांक–**02-09-2025** द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर को **BCCI** से संबद्ध संस्था को संचालन हेतु सौंपने की स्वीकृति दी गई है।
- पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना में विभिन्न निर्माण एवं उन्नयन कार्यों हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स–**2025** हेतु इंटरनेट एवं वाई-फाई व्यवस्था के लिए **₹3,58,74,253/-** स्वीकृत।
- खेल उपकरण क्रय हेतु **₹4,91,62,530/-** स्वीकृत।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–**2025** आयोजन हेतु **₹8,30,248/-** स्वीकृत।
- सिम्पली स्पोर्ट्स फाउंडेशन–**2025** कार्यशाला हेतु **₹26,02,950/-** स्वीकृत।
- तीसरी राजा कर्ण तीरंदाजी प्रतियोगिता–**2025** हेतु **₹15,80,762/-** स्वीकृत।
- बिहार स्टेट यूथ फुटबॉल लीग–**2025** हेतु **₹40,98,254/-** स्वीकृत।
- गोपालगंज जिला में खेलो इंडिया महिला खो-खो लीग–**2025** हेतु **₹15,73,852/-** स्वीकृत।
- सारण जिला में सोनपुर मेला–**2025** के अवसर पर खेल आयोजन हेतु **₹35,00,000/-** स्वीकृत।








# स्टेडियम निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति:

| क्रम सं. | जिला | प्रखंड / स्थल | स्वीकृत लागत (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | कटिहार | बलरामपुर | **209.13** |
| 2 | मधुबनी | लदनियाँ | **205.92** |
| 3 | दरभंगा | किरतपुर | **480.38** |
| 4 | गया | वजीरगंज | **205.92** |
| 5 | सीवान | लकड़ी नबीगंज | **205.92** |
| 6 | सहरसा | महिषी | **346.69** |
| 7 | पूर्णिया | डगरूआ | **199.5** |
| 8 | वैशाली | पातेपुर | **226.78** |
| 9 | सारण | अमनौर | **240.07** |
| 10 | मुजफ्फरपुर | सरैया | **205.92** |
| 11 | सुपौल | छातापुर | **212.98** |
| 12 | सीतामढ़ी | मेजरगंज | **191.47** |
| 13 | सीतामढ़ी | बोखड़ा | **205.92** |
| 14 | सीतामढ़ी | सुप्पी | **205.92** |
| 15 | शेखपुरा | ग्राम नीमी (शेखोपुर सराय) | **207.52** |
| 16 | नवादा | गोविंदपुर | **205.92** |
| 17 | कैमूर | चांद | **360.25** |
| 18 | पश्चिम चंपारण | रुईघाट | **207.25** |
| 19 | खगड़िया | रनखेत मरर | **205.92** |
| 20 | खगड़िया | अलौली | **205.92** |
| 21 | लखीसराय | रामगढ़ चौक | **399.93** |
| 22 | लखीसराय | चानन | **207.52** |
| 23 | रोहतास | राजपुर | **208.59** |
| 24 | रोहतास | चेनारी | **205.92** |
| 25 | रोहतास | तिलौथू | **212.34** |
| 26 | रोहतास | नासरीगंज | **205.92** |
| 27 | रोहतास | कोचस | **205.92** |
| 28 | भागलपुर | रंगरा चौक | **203.53** |

| क्रम सं. | जिला | प्रखंड / स्थल | स्वीकृत लागत (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 29 | भागलपुर | गौड़ाडीह | **207.52** |
| 30 | भागलपुर | नाथनगर | **207.52** |
| 31 | भागलपुर | सन्हौला | **207.92** |
| 32 | बांका | कटोरिया | **205.92** |
| 33 | पटना | अथमलगोला | **360.25** |
| 34 | पटना | फतुहा | **399.01** |
| 35 | जमुई | सिकंदरा | **205.92** |
| 36 | भागलपुर | नारायणपुर | **205.92** |
| 37 | गया | अतरी | **205.92** |
| 38 | गया | नीमचक बथानी | **217.49** |
| 39 | गया | मोहनपुरा | **217.49** |
| 40 | गया | इमामगंज | **205.92** |
| 41 | गया | बोधगया | **217.49** |
| 42 | गया | टनकुप्पा | **205.92** |

| क्रम सं. | जिला | प्रखंड / स्थल | स्वीकृत लागत (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 43 | नवादा | काशीचक | **205.92** |
| 44 | नवादा | सिरदल्ली | **205.92** |
| 45 | नवादा | सदर प्रखंड | **205.92** |
| 46 | नवादा | कौआकोल | **205.92** |
| 47 | नवादा | रोह | **205.92** |
| 48 | नवादा | अकबरपुर | **205.92** |
| 49 | औरंगाबाद | हसपुरा (डिंडिर) | **205.92** |
| 50 | पटना | नौबतपुर | **205.92** |
| 51 | पटना | बेलछी | **205.92** |
| 52 | समस्तीपुर | रोसड़ा | **205.92** |
| 53 | मुजफ्फरपुर | मुसहरी | **202.71** |
| 54 | बेगूसराय | तेघड़ा | **205.92** |
| 55 | बेगूसराय | गढ़पुरा | **205.92** |
| 56 | भागलपुर | स्माइलपुर | **219.08** |

| क्रम सं. | जिला | प्रखंड / स्थल | स्वीकृत लागत (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 57 | भागलपुर | खड़ीक | **219.08** |
| 58 | मधेपुरा | ग्वालपाड़ा | **205.92** |
| 59 | सीतामढ़ी | बैरगनियाँ | **205.92** |
| 60 | दरभंगा | घनश्यामपुर | **507** |
| 61 | वैशाली | महुआ | **210.2** |
| 62 | मधुबनी | झंझारपुर | **1414.93** |
| 63 | वैशाली | लालगंज | **242.83** |
| 64 | बक्सर | सिमरी | **252.78** |
| 65 | बक्सर | डुमरांव | **205.92** |
| 66 | जमुई | जमुई (गिरसंडा–सोनपे) | **285.41** |
| 67 | जमुई | खैरा | **227.68** |
| 68 | खगड़िया | चौथम | **318.9** |
| 69 | गया | बेलागंज | **205.92** |
| 70 | मधुबनी | जयनगर | **232.88** |

| क्रम सं. | जिला | प्रखंड / स्थल | स्वीकृत लागत (₹ लाख) |
|---|---|---|---|
| 71 | वैशाली | राघोपुर | **205.92** |
| 72 | बांका | बाराहाट | **205.92** |
| 73 | रोहतास | सासाराम (लेरुआ) | **205.98** |
| 74 | मुंगेर | सदर प्रखंड (सितलपुर) | **214.15** |
| 75 | बक्सर | चौगाईं | **205.92** |
| 76 | सीवान | हसनपुरा | **331.93** |
| 77 | सीतामढ़ी | चोरौत | **205.92** |
| 78 | नालंदा | हिलसा (रामबाबू हाई स्कूल परिसर) | **209.63** |

खेल विभाग, बिहार

# राज्य खेल अकादमी, राजगीर

बिहार सरकार

स्थापना :- **29.08.2024**

## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता

| क्र० सं० | खेल प्रतियोगिता | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | महिला एशियाई हॉकी चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2024 | 11 नवम्बर से 20 नवम्बर 2024 तक |
| 02 | एशियाई रग्बी अंडर-20 (सेवन) चैम्पियनशिप 2025 | 09 से 10 अगस्त 2025 तक |
| 03 | पुरुष हॉकी हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 | 29 अगस्त से 07 सितम्बर 2025 |

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता

| क्र० सं० | खेल प्रतियोगिता | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 | 04 मई से 15 मई 2025 तक |
| 02 | महामना हॉकी गोल्ड कप | 19 जनवरी से 21 जनवरी 2026 |

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन (राष्ट्रीय)

| क्र० सं० | खेल प्रतियोगिता का नाम | दिनांक | कुल भागीदारी |
|---|---|---|---|
| 01 | जूनियर हॉकी स्टेट चैम्पियनशिप 2025 (बालक / बालिका) | 13 जुलाई से 17 जुलाई 2025 | 400+ |
| 02 | प्रथम सब जूनियर राज्य हॉकी चैम्पियनशिप 2025 (बालक / बालिका) | 06 जून से 08 जून 2025 | 350+ |
| 03 | प्रथम महिला सीनियर हॉकी स्टेट चैम्पियनशिप 2025 | 14 फरवरी से 16 फरवरी 2025 | 190+ |

## राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

| क्र० सं० | खेल प्रतियोगिता का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | मेजर ध्यानचंद हॉकी बालक अंडर-17 प्रतियोगिता 2025 | 08 से 11 सितम्बर तक |
| 02 | मेजर ध्यानचंद हॉकी बालिका अंडर-17 प्रतियोगिता 2025 | 12 से 15 सितम्बर तक |

| | | |
|---|---|---|
| 03 | राज्य स्तरीय विद्यालय हॉकी बालक अंडर–14, 17, 19 प्रतियोगिता 2025 | 17 से 21 सितम्बर तक |
| 04 | राज्य स्तरीय विद्यालय हॉकी बालिका अंडर–14, 17, 19 प्रतियोगिता 2025 | 22 से 25 सितम्बर तक |
| 05 | राज्य स्तरीय विद्यालय एथलेटिक्स बालिका अंडर–14, 17, 19 प्रतियोगिता 2025 | 22 से 25 सितम्बर तक |
| 06 | राज्य स्तरीय विद्यालय हॉकी अंडर–17 | – |

## विभिन्न राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

### एथलेटिक्स

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सब जुनियर | 18 | 24 दिसम्बर से 03 जनवरी 2025 तक |
| 02 | राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जुनियर | 10 | 30 दिसम्बर से 09 जनवरी 2025 तक |
| 03 | राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सिनियर | 10 | 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2025 तक |
| 04 | खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 | 36 | 12 अप्रैल से – |
| 05 | 36 वीं पूर्वी क्षेत्र एथेटिक्स प्रतियोगिता 2025 | 250 | 08 से 11 सितम्बर 2025 तक |

### हॉकी

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता जुनियर | 30 | 08 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक |
| 02 | राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता सिनियर | 12 | 19 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक |
| 03 | राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता बालिका जुनियर | 56 | 22 मार्च से 23 अप्रैल 2025 तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04 | राष्ट्रीय सब जूनियर हॉकी बालक प्रतियोगिता | 32 | 05 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक |
| 05 | जुनियर नेशनल महिला हॉकी प्रतियोगिता | 25 | 20 जुलाई से 29 जुलाई |
| 06 | जुनियर नेशनल पुरूष हॉकी प्रतियोगिता | 30 | 20 जुलाई से 07 अगस्त 2025 तक |
| 07 | 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरूष राष्ट्रीय प्रतियोगिता | 32 | 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025 तक |

## रग्बी

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता जूनियर गर्ल्स | 44 | 26 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक |
| 02 | राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता बालक | 52 | 09 मार्च से 25 अप्रैल 2025 तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | राष्ट्रीय स्कूल रग्बी प्रतियोगिता अंडर–19 बालक / बालिका | 38 | 20 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक |
| 04 | राष्ट्रीय विद्यालय रग्बी अंडर–19 बालक / बालिका | 38 | 14 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक |
| 05 | 15वीं हॉकी इंडिया सिनियर रग्बी लीग 2026 | 42 | 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक |

## कुश्ती

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जूनियर | 10 | 10 जनवरी से 03 फरवरी 2025 तक |
| 02 | राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 | 45 | 10 अप्रैल से 16 अप्रैल 2025 तक |

## भारोत्तोलन

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2026 जुनियर | 10 | 10 जनवरी से 03 फरवरी 2025 तक |
| 02 | राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2026 सिनियर | 38 | 05 जनवरी से 02 फरवरी 2026 तक |

## ताइक्वांडो

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता सीनियर | 14 | 26 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक |

## हैंडबॉल

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता सीनियर | 21 | 16 जनवरी से 04 फरवरी 2025 तक |

## कबड्डी

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता सीनियर | 59 | 07 अप्रैल 2025 से ...... |
| 02 | राष्ट्रीय स्कूल खेल अंडर–14 बालक प्रतियोगिता | 13 | 24 दिसम्बर 2025 से 02 जनवरी 2026 तक |

## फुटबॉल

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय महिला सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता | 30 | 24 अगस्त से 05 सितम्बर 2025 तक |
| 02 | राष्ट्रीय विद्यालय फुटबॉल अंडर–17 बालक प्रतियोगिता | 19 | 01 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 तक |

## थांग-टा

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रीय थांग-टा प्रतियोगिता सीनियर | R | 28 फरवरी 2025 से ...... |

## योगा

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | 6th सब जूनियर एवं सीनियर नेशनल योगासन खेल प्रतियोगिता | 18 | 11 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक |

## नेटबॉल

| क्र० सं० | खेल प्रशिक्षण शिविर का नाम | कुल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों की संख्या | कब से कब तक |
|---|---|---|---|
| 01 | 43rd राष्ट्रीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता | 38 | 24 दिसम्बर से 07 जनवरी 2025 तक |

## विभिन्न खेलों के जिला प्रतियोगिता का आयोजन (विद्यालय)

| क्र० सं० | खेल का नाम | कब से कब तक |
|---|---|---|
| 01 | एथलेटिक्स | 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 |
| 02 | हैंड बॉल | 12.10.2025 |
| 03 | वॉलीबॉल | 12.10.2025 |
| 04 | वुशू | 11.10.2025 |
| 05 | ताइक्वांडो | 13.10.2025 |
| 06 | रग्बी | 13.10.2025 |
| 07 | योगा | 11.10.2025 |
| 08 | कराटे | 13.10.2025 |
| 09 | साइक्लिंग | 13.10.2025 |
| 10 | शतरंज | 11.10.2025 |

## विभिन्न खेलों के जिला प्रतियोगिता का आयोजन (संघ)

| क्र० सं० | खेल का नाम | कब से कब तक |
|---|---|---|
| 01 | हॉकी | – |
| 02 | पारा एथलेटिक्स | – |

## एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र हेतु चयन प्रक्रिया

| क्र० सं० | खेल का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | तलवारबाजी | 25.06.2025 |
| 02 | भारोत्तोलन | 30.06.2025 |
| 03 | हॉकी | 04.07.2025 |

## हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित कोचिंग कोर्स

| क्र० सं० | खेल का नाम | कब से कब तक |
|---|---|---|
| 01 | लेवल 01 कोचिंग कोर्स बैच 01 | 25 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक |
| 02 | लेवल 02 कोचिंग कोर्स बैच 02 | 27 जुलाई से 29 जुलाई 2025 तक |



## राज्य खेल अकादमी, राजगीर में सक्रिय रूप से चल रहे खेलो इंडिया स्टेट व एकलव्य सेंटर

| क्र० सं० | खेलो इंडिया सेंटर | कुल बालक एवं बालिका |
|---|---|---|
| 01 | भारोत्तोलन | 30 |
| 02 | एथलेटिक्स | 30 |
| 03 | कुश्ती | 30 |

| क्र० सं० | एकलव्य सेंटर | कुल बालक एवं बालिका |
|---|---|---|
| 01 | हॉकी | 38 + 28 |



धन्यवाद